भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1075

29.07.2024 को उत्तर के लिए

जीआईएम के अंतर्गत तेलंगाना को निधियां

1075. श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी:

क्या ***पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री*** यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सराकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान तेलंगाना राज्य को हरित भारत मिशन (जीआईएम) के अंतर्गत कोई निधि जारी की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान जीआईएम के अंतर्गत अन्य राज्यों को जारी की गई निधियों का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या हैं?

उत्तर

पर्यावरण ,वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री:

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) और (ख): जलवायु परिवर्तन संबंधी राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत रेखांकित आठ मिशनों में से एक राष्ट्रीय हरित भारत मिशन (जीआईएम) है। इसका उद्देश्य भारत के वन आवरण का संरक्षण करना, उसे पुनःबहाल करना तथा इसका विस्तार करना और चयनित भू-क्षेत्रों में वन तथा गैर-वन क्षेत्रों में पारिस्थितिकी-पुनर्स्थापना संबंधी गतिविधियों को कार्यान्वित कर जलवायु परिवर्तन से निपटना है।

जीआईएम गतिविधियां वित्तीय वर्ष 2015-16 में शुरू की गई थीं और अब तक सत्रह राज्यों यथा- आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और एक संघ राज्य क्षेत्र प्रदेश जम्मू और कश्मीर को जीआईएम गतिविधियां शुरू करने के लिए धनराशि जारी की गई है।

मंत्रालय को हरित भारत मिशन के अंतर्गत तेलंगाना राज्य सरकार से परिप्रेक्ष्य योजना और वार्षिक संचालन कार्य योजना प्राप्त नहीं हुई है।

(ग): पिछले पांच वर्षों (2019-20 से 2023-24) के दौरान जीआईएम के तहत जारी की गई धनराशि का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा **अनुबंध-1** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-1

'जीआईएण के अंतर्गत तेलंगाना को निधियां' के संबंध में दिनांक 29.07.2024 को उत्तर के लिए श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी द्वारा पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1075 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पिछले पांच वर्षों (वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24) के दौरान जीआईएम के तहत जारी किए गए धन का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा:-

(करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
1	आंध्र प्रदेश	0.00	0.00	2.02	0.00	0.00
2	अरुणाचल प्रदेश	0.00	0.00	13.43	21.28	0.00
3	छत्तीसगढ़	5.04	1.66	6.12	0.00	0.09
4	हरियाणा	0.00	0.00	9.55	0.00	7.60
5	हिमाचल प्रदेश	0.00	17.09	0.00	0.00	0.00
6	जम्मू एवं कश्मीर	0.00	25.73	0.00	6.49	0.00
7	कर्नाटक	2.21	2.35	4.45	2.93	2.33
8	केरल	16.32	0.00	0.00	0.00	0.00
9	मध्य प्रदेश	30.65	0.00	18.29	17.93	8.62
10	मणिपुर	4.16	6.74	9.93	5.45	8.91
11	मिजोरम	17.71	2.99	29.86	36.27	21.13
12	ओडिशा	14.19	26.01	17.74	8.4756	12.59
13	पंजाब	3.19	0.00	3.32	2.7393	5.38
14	सिक्किम	3.12	2.19	7.77	6.57	7.50
15	उत्तराखंड	0.00	27.89	33.99	28.40	31.94
16	पश्चिम बंगाल	9.43	0.00	0.00	0.76	0.76
17	उत्तर प्रदेश	0.00	0.00	0.00	0.00	5.43
	कुल	**106.01**	**112.65**	**156.46**	**137.29**	**112.28**

*****